विश्वनाथ मम नाथ पुरारी। त्रिभुवन महिमा बिदित तुम्हारी।।
नाथ कृपां अब गयेऊ बिषादा। सुखी भयउँ प्रभु चरण प्रसादा।।
|| Ram Katha 965 - *मानस गोपनाथ || Gopnath, Mahua ( Gujarat) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 86 | इंदौर, गुरुवार 09 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## कानून-व्यवस्था कलेक्टरों की जिम्मेदारी, सीएम का निर्देश

# घटना हो या दुर्घटना, तुरंत मौके पर पहुंचें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस-2025 के आठवें और अंतिम सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जन सुरक्षा सुनिश्चित करने को प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर्स जिले के प्रशासनिक प्रमुख होने के साथ-साथ जिला दण्डाधिकारी भी हैं, इसलिए किसी भी घटना या दुर्घटना की सूचना तुरंत प्राप्त कर मौके पर पहुंचने की जिम्मेदारी भी उनकी है। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षक से कहा कि वे अपने जिलों में प्रभावी सूचना तंत्र विकसित करें और उच्च कोटि का तालमेल बनाकर अपराध नियंत्रण और सुरक्षा सुनिश्चित करें। सीएम ने प्रदेश में मादक पदार्थों की बिक्री के साथ ही नशे के रूप में उपयोग किए जाने वाले सिरप की अवैध बिक्री पर नियंत्रण के लिए पड़ोसी राज्यों संग तालमेल बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए।**

मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स एवं एसपी से कहा कि हमारा प्रदेश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कलेक्टर और एसपी तथा सभी मैदानी अधिकारी राज्य शासन के प्रतिनिधि के रूप में ही जिलों में तैनात हैं। आप जैसा काम करेंगे, शासन की छवि भी वैसी ही निर्मित होगी। आम




जनता के जीवन स्तर को बेहतर से बेहतर बनाना हमारा सामूहिक लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि शासन ने जो लक्ष्य तय किए हैं, वह मैदानी अधिकारियों की मेहनत एवं प्रतिबद्धता से हम अवश्य प्राप्त करेंगे। सत्र के अंत में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि शासन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में प्रदेश के मैदानी अधिकारी अपनी मेहनत, निष्ठा और प्रतिबद्धता से महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### ◆ अगले तीन माह में जोनल प्लान तैयार करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों, संकरी सड़कों और फोर्स मूवमेंट में कठिनाई वाले स्थानों की पहचान कर अगले तीन माह में जोनल प्लान तैयार करें।

उन्होंने मार्च 2026 तक मध्यप्रदेश को पूरी तरह नक्सल मुक्त करने के लिए स्पष्ट रणनीति बनाने के निर्देश दिए। बालाघाट जिले में नक्सल गतिविधियों में कमी के उदाहरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कलेक्टर-एसपी बालाघाट की सराहना की, जिन्होंने नक्सल प्रभावित गांवों के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष आठ मुठभेड़ों में दस नक्सली मार गिराए गए हैं।

### ◆ स्कूल-कॉलेजों के आसपास सूचना तंत्र विकसित करें

डॉ. यादव ने अवैध बांग्लादेशियों की पहचान और उन्हें राज्य से बाहर भेजने के प्रयासों पर भी जोर दिया। प्रदेश से अभी 19 बांग्लादेशियों की पहचान कर वापस भेजा गया। उन्होंने पुलिस और अन्य एजेंसियों को स्कूल-कॉलेज के आसपास असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण के लिए सूचना तंत्र विकसित करने और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। प्रदेश में ड्रग्स और नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने, कोरेक्स कफ सिरप के अतिशय उपयोग पर नियंत्रण और इंडस्ट्रियल बेल्ट में निगरानी बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

### ◆ किसानों को किसी तरह समस्या नहीं आना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधों में संलिप्त आदतन अपराधियों की जमानत निरस्त की जाए और जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से ऐसे मामलों की समीक्षा नियमित रूप से की जाए। साइबर अपराध रोकने और रोड सेफ्टी सुनिश्चित करने के लिए भी प्रशासनिक उपाय तेज किए जाएं। उन्होंने सभी कलेक्टर्स और एसपी से कहा कि जिलों में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और विकास कार्यों को गति देना आपका साझा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में खाद-बीज के वितरण की व्यवस्था में भी पुलिस एवं जिला प्रशासन सामंजस्य से काम करें। किसानों को किसी तरह की समस्या नहीं आनी चाहिए।

# इंदौर के समीप महू में सड़क हादसे में चार की मौत

### ◆ टक्कर के बाद वैन में लगी आग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के समीप महू में बुधवार देर रात सड़क हादस में चार लोगों की मौत हो गई। दो कारों की टक्कर के बाद एक में आग लग गई। उसमे सवार लोग दो लोग जिंदा जल गए, जबकि दो युवकों को गंभीर चोटें आई थीं। उनकी भी मौत हो गई। हादसा महू के नांदेड़ ब्रिज पर हुआ। कार में फंसे दो घायलों को जैसे-तैसे निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।**

पुलिस के अनुसार एक कार तेज स्पीड से महू की तरफ से आ रही थी। ब्रिज पर कार का संतुलन बिगड़ा औरर वह दूसरी तरफ से आ रही वैन से टकरा गई। वैन में गैस किट लगी थी। इस कारण उसमें आग लग गई। कार की टक्कर से वैन में सवार घायलों को निकाला नहीं जा सका। वे वैन में ही जिंदा जल गए। हादसे के बाद मार्ग पर दूसरे वाहनों के चालक मदद के लिए उतरे और पुलिस को सूचना दी।

कार में सवार घायलों को निकालने की कोशिश शुरू हो गई, लेकिन ड्रायवर सीट पर बैठे युवक की मौत हो चुकी थी। एक घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। हादसे में मानपुर निवासी पवन सिंव्हल, कमले गुर्जर की मौत हो गई। दोनों वैन में सवार थे, जबकि कार में सवार रवींद्र और उसके साथी की मौत हो गई। इसके अलावा दो अन्य घायल हुए है। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकलों ने वैन की आग बुझाई। तब उसमें अधजले दो शव मिले।

### ◆ ट्रक हादसे में चौथे युवक की मौत

बड़ा गणपति क्षेत्र में पंद्रह दिन पहले हुए हादसे में घायल एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक का नाम संदीप निवासी समर्थ ग्रीन पार्क है। वे आटो रिक्शा में सवार थे। ट्रक की टक्कर से उनके पैर में फ्रेक्चर हुआ था। बाद में शरीर में संक्रमण फैल गया था और शहर के दूसरे अंग भी प्रभावित होने लगे थे। ट्रक हादसे में तीन लोगों को मौत पहले हो चुकी है।

# एमवाय अस्पताल में खाना बांटने पर प्रतिबंध, खाने की दुकानें भी नहीं लगेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमवाय अस्पताल परिसर में खाना वितरण करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। बुधवार को एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि खाद्य पदार्थ स्ट्रिक्टली अस्पताल में नहीं आना चाहिए। इसके लिए सभी गेट पर सिक्योरिटी से चेक करवाए जाएंगे।**

भोजन वितरण करने वाले कैंपस के बाहर ही भोजन वितरण करें। जिसे एमवाय अस्पताल अधीक्षक और एजिल कंपनी चेक करेंगे। साथ ही अस्पताल परिसर में खाने की दुकानें लगाने पर भी प्रतिबंध लगाया है। दरअसल, ये आदेश हाल ही में चूहों के कुतरने से 2 बच्चों की मौत के बाद जारी किया गया है।



### डीन ने ये निर्देश भी दिए

- नियमित रूप से अस्पताल की सफाई करें, खासकर खाने के अवशेष और कूड़ा-कचरा हटाएं।
- कैंपस में चूहों के बिल देख कर केमिकल ट्रीटमेंट के निर्देश दें।
- अस्पताल की दीवारों और फर्श में छिद्रों और दरारों को सील करवाएं, जिससे चूहे अंदर न आ सकें।
- चूहे मारने के लिए ट्रैप या जहरीले पदार्थों का उपयोग सावधानी और सुरक्षित तरीके करें।
- नियमित जांच और निगरानी के लिए एक अधिकारी निर्धारित किया जाए।
- विभाग में नियमित जांच और निगरानी का काम समय पर किया जाए।
- पेस्ट कंट्रोल सेवाएं पेस्ट कंट्रोल सेवाओं की मॉनिटरिंग कर डेली रिपोर्ट डीन ऑफिस में सब्मिट करना है।

## एसजीएसआईटीएस के शासी निकाय की बैठक सम्पन्न

# मंत्री श्री परमार ने विभिन्न विभागों का अवलोकन कर छात्रों और फैकल्टी से किया संवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रदेश के उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने अपने इंदौर प्रवास के दौरान श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआईटीएस) इंदौर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। संस्थान के निदेशक प्रो. नीतेश पुरोहित सहित फैकल्टी और छात्रों से संवाद किया और विभिन्न गतिविधियों को देखा। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स सहित एनएसएस के छात्रों ने मंत्री श्री परमार को गार्ड ऑफ आनर दिया।**



मंत्री श्री परमार ने शुरूआत स्टूडेंट संघ के उदघाटन के साथ की। यह संघ विद्यार्थियों में स्वअनुशासन और अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये बनाया गया है। इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो. नीतेश पुरोहित, राजा भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरु प्रो. मिलिंद दांडेकर (मराठे), आईपीएफए के डीन प्रो. संदीप नारूलकर, इंजीनियर विवेक तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

इसके बाद मंत्री श्री परमार ने योगा एसेंसियल एण्ड सूर्य नमस्कार (यश योगा एप) का शुभारंभ किया। यह अपने प्रकार का मध्यप्रदेश का पहला योग सीखने वाला एप है। इस एप को संस्थान के विद्यार्थियों और फैकल्टी ने विकसित किया है। इसके बाद मंत्री श्री परमार ने अखिल भारतीय खेलकूद स्पर्धा में खो-खो टीम, शतरंग, एथलेटिक, टेबल टेनिस, बैंडमिंटन, तैराकी और ताइक्वांडो टीम के विजेता विद्यार्थियों के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाया। उल्लेखनीय है कि उक्त टीमों ने पिछले दिनों आयोजित अखिल भारतीय खेलकूद स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन कर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते।

इस मौके पर मंत्री श्री परमार ने कहा कि एसजीएसआईटीएस संस्थान केवल तकनीकी पढ़ाई में ही नहीं खेलों के क्षेत्र में भी आगे है। उन्होंने विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि वे इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम प्रदेश और देश में गौरवान्वित करते रहे। इस मौके पर संस्थान के पूर्व छात्र पद्मश्री प्रो. डी.बी. फाटक, प्रो. निधि ओसवाल, विंग कमाण्डर श्री मनीष जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। मंत्री श्री परमार ने एडवांस टेक्नालॉजी सेंटर की गतिविधियों को भी देखा।

दोपहर के सत्र में मंत्री श्री परमार श्री गोविन्दराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान की शासकीय निकाय की बैठक में शामिल हुए। बैठक में उन्होंने संस्थान द्वारा किये जा रहे विभिन्न नवाचारों की समीक्षा की और सराहना की। बैठक में राजीव गांधी विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरु प्रो. राजीव त्रिपाठी सहित राजा भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरु प्रो. मिलिंद दांडेकर (मराठे), सहायक प्राध्यापक प्रतिनिधि डॉ. कृष्णकांत धाकड़, शासकीय निकाय सदस्य श्री मनीष गुप्ता, संस्थान के निदेशक प्रो. नीतेश पुरोहित, डॉ. बी.एस. मोरे, डॉ. अशोक अतुलकर, डॉ. डी.एल. गोयल, श्री राहुल मिश्र, प्रो. ललित पुरोहित, श्री आकाश तिवारी विशेष रूप से शामिल हुए। मंत्री श्री परमार ने संस्थान के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। शिक्षकों, फैकल्टी और छात्र-छात्राओं से संवाद किया। साथ ही संस्थान की गतिविधियों की सराहना की।

## सील हो चुके अस्पताल से दवा के सैंपल लिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में मंजू नामक महिला की मौत के मामले में सोमवार रात खातीवाला टैंक स्थित हर्ष क्लिनिक से खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने दवाओं के सैंपल लिए। यहां से 18 अलग-अलग दवाओं के सैंपल लिए गए। ड्रग इंस्पेक्टर लोकेश गुप्ता ने बताया कि सभी दवाओं को जांच के लिए भेजा जाएगा। यहां विभाग की टीम बुधवार सुबह से ही सेंपलिंग करने पहुंच गई थी। सैंपलिंग की कार्रवाई बुधवार शाम 7 बजे तक चली। इस दौरान अलग-अलग तरह की दवाओं के सेंपल लिए गए। उन्हें सील बंद पैक में जांच लैब भिजवाया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यहां से आईवी, इंजेक्शन, टैबलेट, सिरप के सैंपल लिए गए। गुप्ता ने बताया कि चूंकि डॉ. पंजवानी के पास नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन भी है इसलिए वे दवाएं रख सकते हैं। इसके लिए मेडिकल प्रैक्टिशनर शेड्यूल में प्रावधान है। महिला की मौत के बाद सोमवार रात को परिजनों ने करीब ढाई घंटे से ज्यादा हंगामा किया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। विभाग ने जांच की तो पता चला कि क्लिनिक के नाम पर 15 बेड लगाकर नर्सिंग होम जैसा बनाकर सेवाएं दी जा रही थी। चौंकाने वाली बात यह कि क्लिनिक का रजिस्ट्रेशन डॉ. ज्ञानचंद पंजवानी के नाम से है, लेकिन तीन माह से उनके स्थान पर असिस्टेंट संचालित कर रहा था।

## चादर महोत्सव की तैयारियां हेतु बैठक आयोजित

# आयोजन में देशभर से जुटेंगे दादा गुरुदेव भक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ समुदाय के प्रथम दादा गुरुदेव श्री जिनदत्त सुरीश्वर के 871 वर्ष पुराने अग्निसंस्कार में नहीं जलने वाले चादर, चोलपट्टा और मुंहपत्ती का चादर महोत्सव 6 से 8 मार्च 2026 को स्वर्ण नगरी जैसलमेर में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए चादर महोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों की रविवार को इन्दौर में बैठक हुई।**



बैठक को संबोधित करते हुए साध्वी श्री भाग्ययशा श्री जी म.सा. ने कहा कि चादर महोत्सव प्रथम दादा गुरुदेव श्री जिनदत्त सुरीश्वर के प्रति श्रद्धा रखने वाले सभी जैन व अजैन श्रद्धालुओं का संयुक्त आयोजन है। इसकी सफलता के लिए उत्साह का भाव व समन्वय रखें, उत्सव के रूप में मनाएं। चादर महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक तेजराज गुलेच्छा ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य विश्व शांति के लिए प्रयास करना है। आयोजन समिति के सहमंत्री सुरेश लुनिया ने बताया कि इसमें देशभर में फैले करीब 30 हजार से अधिक भक्त हिस्सा लेंगे। चादर महोत्सव सामान्य बात नहीं है। चादर समिति के वित्त संयोजक कुशलराज गुलेच्छा ने कहा कि चादर महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं को जैसलमेर में स्थित प्राचीन जैन ज्ञान भंडार, लोद्रवा पार्श्वनाथ तीर्थ, अमर सागर तीर्थ, ब्रह्मसर तीर्थ के दर्शन वंदन का लाभ भी मिल सकेगा। महोत्सव के आयोजन के लिए वर्ष 2015-16 में खरतरगच्छाचार्य श्रीजिनमनोज्ञसूरि म.सा. को स्वप्न में संकेत मिले थे, जिसकी चर्चा खरतर गच्छाधिपति आचार्य श्री जिन मणिप्रभ सूरीश्वर जी म.सा. से होने के बाद उन्हीं की निश्रा में आगामी 6 से 8 मार्च को जैसलमेर में महोत्सव का आयोजन तय हुआ है। समिति के ललित डाकलिया ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस बैठक में बैठक में केयुप प्रदेश अध्यक्ष दिनेश हुंडिया, सुनील गोपावत, सुरेश सकलेचा, धर्मेंद्र मेहता, विजयमेहता, डूंगरचंद हुंडिया, आश कोठारी, जयंती संघवी, मोहनसिंह लालन, केयुप के नीलेश सकलेचा एवं श्री संघ के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# बेमुद्दत ट्रक हड़ताल खत्म, दो दिन की हड़ताल के बाद काम पर लौटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एसोसिएशन ऑफ पार्सल ट्रांसपोर्ट एंड फ्लीट ऑनर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल दो दिन में ही खत्म हो गई। 6 और 7 अक्टूबर को इंदौर के 10 हजार से ज्यादा ट्रकों के पहिए थमे रहे। बुधवार को एसोसिएशन ने पत्र जारी कर हड़ताल खत्म होने की घोषणा की।



एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष राकेश तिवारी और सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि प्रशासन ने लिखित में सहयोग का आश्वासन दिया है। इंदौर में हुए ट्रक हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन ने ट्रकों की एंट्री के समय में बदलाव किया था। इससे ट्रक ऑपरेटर्स में नाराजगी थी। इसके चलते उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की थी।इंदौर में सुबह 6 से रात 11 बजे तक ट्रकों की नो-एंट्री के विरोध में इंदौर के ट्रक ट्रांसपोर्टरों ने अनिश्चितकालीन स्वैच्छिक बंद का आह्वान किया था। इस दौरान सोमवार व मंगलवार को ट्रक-ट्रांसपोर्टरों ने बुकिंग और डिलीवरी बंद कर दी। एसोसिएशन ने विरोध में रैली निकाली। साथ ही कहा कि जब तक नो एंट्री बंद नहीं होती है, वह अपना कारोबार पूरी तरह से बंद रखेंगे। पालदा नवलखा से लोहा मंडी आने वाले मार्ग पर दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक एवं रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक नो एंट्री में भार वाहक वाहनों को छूट रहेगी। इसी प्रकार चंदन नगर से अंतिम चौराहा, पंचकुइया मार्ग पर दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक एवं रात्रि 11:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक छूट रहेगी। पोलोग्राउंड के व्यापारियों को 12:00 बजे से 3:00 बजे तक छूट मिलेगी, राऊ सर्कल से राजेन्द्र नगर होते हुए चौइथराम सब्जी मंडी, ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाले वाहन एवं तीन इमली की ओर आने वाले वाहनों के लिए यह मार्ग पूरे समय खुला रहेगा एवं जो मार्ग पूर्व में खुले हुए थे वे आगे भी भार वाहक वाहनों के लिए खुले रहेंगे।

## युवक-युवती ने महिला को लोहे के एंगल से मारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बाणगंगा में सोमवार को एक युवक और युवती ने एक महिला के साथ मारपीट की । महिला की पहचान पिंकी सिकरवार निवासी गोविंद नगर के रूप में हुई है। सिकरवार ने मामले में संबधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया हैं। पुलिस ने विराज पुत्र कृष्णकांत जोशी और शिवानी रायकुंवर के खिलाफ मारपीट को लेकर एफआईआर की है। महिला ने बताया कि सोमवार दोपहर वह घर पर थी। तब पड़ोसी विराज और शिवानी आए। उनसे मकान को लेकर पहले से विवाद चल रहा है। तब दोनों ने आते ही अपशब्द कहे ओर इसके बाद लोहे के एंगल से सिर में मार दिया। सिर से खून निकलने लगा। दोनों ने धमकी दी कि मकान खाली कर दो। नही तो ठीक नही होगा। इस दौरान योगेश सविता ओर अन्य लोगों ने बचाव किया।

# ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का विरोध

## सैकड़ों किसान ट्रैक्टर लेकर आए इंदौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के समीप बनाए जा रहे ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का ग्रामीणों व किसानों ने विरोध शुरू कर दिया है। बुधवार को किसानों ने हातोद से इंदौर तक ट्रैक्टर रैली निकाली। सैकड़ों की संख्या में किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर गांधी नगर, सुपर कॉरिडोर, नावदा पंथ के साथ सिरपुर पहुंच रहे है। यहां टैक्टरों को खड़ा कर कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च निकलने की तैयारी थी।**



लेकिन पुलिस ने किसानों को आगे नहीं जाने दिया। इससे प्रदर्शनकारी नाराज हो गए,लेकिन थोड़ी देर बाद ज्ञापन लेने एसडीएम व अन्य अफसर सिरपुर पहुंच गए। उन्होंने किसानों से चर्चा की। किसानों को कहना था कि अधिगृहण के बदले पर्याप्त मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है। किसानों ने भाजपा और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के कारण धार रोड पर दो घंटे तक यातायात भी बाधित रहा। सड़कों पर हर तरफ ट्रैक्टर ही ट्रैक्टर नजर आ रहे थे।

सिंहस्थ के मद्देनजर शासन ने इंदौर से उज्जैन के बीच सड़क बनाने की मंजूरी दी है। इसे ग्रीन फील्ड कॉरिडोर नाम दिया गया है। इसमें 28 गांवों की जमीनें अधिगृहित की जा रही है। जिसमें सांवेर और हातोद तहसील के 20 गांव है। बाकी गांव उज्जैन जिले के है। यह सड़क हातोद से कांकरिया,अजदोन, चंद्रावती गंज होते हुए उज्जैन में चिंतामण गणेश मंदिर वाले क्षेत्र से निकलेगी। इस सड़क की चौड़ाई की जद में कई किसानों की जमीनें आ रही हैं। इस सड़क का सर्वे शुरू हो गया है। जिसका विरोध शुरू हो गया है। किसानों का कहना है कि उज्जैन जाने के लिए इंदौर की सड़क को छह लेन किया जा रहा है। उज्जैन देवास इंदौर रोड भी फोरलेन बन गई है। इसके बाद अब नई सड़क की आवश्यकता नहीं है। बेवजह सिंहस्थ के बहाने गांवों में किसानों की जमीन ली जा रही है।

# इंदौर की दवा फैक्ट्री में दो साल पहले जहरीली कफ सिरप पकड़ी गई थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले की दवा फैक्ट्री में दो साल पहले ही जहरीली कफ सिरप पकड़ी गई थी, लेकिन कार्रवाई की बजाय फाइल दबा दी गई। राज्य की लैब में सैंपल फेल होने के बाद कोलकाता की सेंट्रल ड्रग लैब में भी दवा में घातक रसायन डाइइथाइल ग्लाइकोल (डीईजी) की अत्यधिक मात्रा पाई गई। इस मामले में अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है और अब छिंदवाड़ा में इसी रसायन वाली कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद नए सिरे से जांच शुरू हुई है।

इंदौर की दवा फैक्ट्री में बन रहा जहरीला कफ सिरप दो साल पहले ही पकड़ा जा चुका था। हालांकि कार्रवाई की बजाय मामला दबा दिया गया। पहले राज्य की लैब में दवा के सैंपल फेल हुए। इसके बाद केंद्र की ड्रग लैब में भी दवा जहरीली होने की बात साबित हुई। नियमानुसार रिपोर्ट के आधार पर दवा निर्माता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और कोर्ट में परिवाद दायर होना था लेकिन अधिकारी रिपोर्ट छुपाते रहे। नए अधिकारी के हाथ पुराने मामले की फाइल लगी और खाद्य औषधी प्रशासन अब नियमों के अनुसार कार्रवाई की बात कर रहा है। 2023 में अफ्रीकी देश कैमरून में बच्चों की खांसी की दवा नेचर कोल्ड से 66 बच्चों की मौत की खबर सामने आई थी। दवा के रैपर को खंगालते हुए केंद्र और राज्य के अधिकारियों की टीम इंदौर की दवा कंपनी रिमन लैब में पहुंची। यहां से कफ सिरप के सैंपल लिए गए। भोपाल की ड्रग लैब में दवा के सैंपल फेल हो गए। इस जांच को चुनौती दी गई। सैंपल फिर से जांच के लिए कोलकाता की सेंट्रल ड्रग लैब भेज दिए गए। यहां भी जांच में दवा में घातक रसायन डाइइथाइल ग्लाइकोल (डीईजी) की मात्रा 26 प्रतिशत से ज्यादा मिली। जबकि डब्ल्यूएचओ के मानक के अनुसार डीईजी की मात्रा 0.10 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होना चाहिए। प्रकरण में नियमानुसार इस दवा को बनाने वालों के खिलाफ एफआइआर और परिवाद दायर होना था। केंद्रीय लैब की रिपोर्ट को आए

# कांग्रेस नेता ने जारी किया I LOVE THE CONSTITUTION पोस्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में हाल ही में लग रहे पोस्टरों के खिलाफ कांग्रेस नेता ने भी एक नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में लिखा है- 'I LOVE THE CONSTITUTION' (आई लव कांस्टीट्यूशन)। यह पोस्टर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव राकेश सिंह यादव ने जारी किया है।**




उन्होंने कहा कि देश में बढ़ रही नफरत, वैमनस्य और सांप्रदायिकता के खिलाफ एकजुटता का संदेश देने के लिए यह पोस्टर जारी किया है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान ही सभी नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और सुरक्षा का अधिकार देता है। यही संविधान देश की एकता और अखंडता का सबसे बड़ा आधार है। राकेश सिंह ने आरोप लगाया कि इंदौर में सुनियोजित षड्यंत्र के तहत धार्मिक उन्माद फैलाने और दंगे भड़काने की कोशिश की जा रही है। ऐसे देशविरोधी तत्वों के खिलाफ प्रशासन और पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और देशद्रोह की धाराओं में एफआईआर दर्ज करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंदौर की जनता हमेशा शांति, सद्भाव और भाईचारे की मिसाल रही है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे संविधान की मर्यादा, एकता और अमन बनाए रखने में सहयोग करें। यह पोस्टर देशहित और जनहित में जारी किया गया है। हमारा संदेश है कि संविधान ही हमारा धर्म और देश की आत्मा है। इंदौर में मंगलवार को एक वीडियो सामने आया है, जो कलेक्टर चौराहे के पास का है। यहां किसी ने I LOVE PIG – Save Animal लिखा हुआ पोस्टर लगा दिया था, जिसमें सूअर का फोटो भी था। यह पोस्टर देखते ही शहर में चर्चा का विषय बन गया। पोस्टर लगाए जाने के बाद पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं, कांग्रेस नेता राकेश सिंह यादव ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पोस्टर लगाने वालों पर एफआईआर दर्ज की जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

# लोकायुक्त ने रिश्वतखोर महिला प्रशासक को धर-दबोचा

## ◆ मौके पर 15 हजार की घूस लेते पकड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। उज्जैन लोकायुक्त ने जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार मंदसौर की सहायक प्रबंधक हिमांगिनी शर्मा को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उन्होंने स्टेशनरी का बिल पास कराने के लिए 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी।**

डीएसपी दिनेशचंद्र पटेल ने बताया कि 22 सितंबर 2025 को आवेदक प्रभुलाल धनगर ने शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि जिला थोक उपभोक्ता भंडार की सहायक प्रबंधक हिमांगिनी शर्मा ने संस्था संचालन से संबंधित स्टेशनरी क्रय के नोटशीट और चेक पर हस्ताक्षर करने के एवज में 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।

शिकायत के आधार पर लोकायुक्त टीम का गठन कर सत्यापन किया गया। शिकायत सही पाए जाने पर प्रभुलाल धनगर को 15 हजार रुपये देकर रिश्वत देने के लिए भेजा गया। इसी दौरान हिमांगिनी शर्मा ने रिश्वत ली और टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। प्रभुलाल धनगर ने बताया कि हिमांगिनी शर्मा हर बार बिल पास कराने के एवज में रुपये की मांग करती थी। परेशान होकर उन्होंने लोकायुक्त में शिकायत की, जिसके बाद टीम ने कार्रवाई की। डीएसपी दिनेशचंद्र पटेल के नेतृत्व में टीम में निरीक्षक हीना डावर, आरक्षक अनिल अटोलिया, श्याम शर्मा, नीरज कुमार, महिला आरक्षक नेहा मिश्रा, मनीषा राजपूत, कार्य. प्र. आरक्षक हितेश ललावत और कंप्यूटर टाइपिस्ट अंजली पूरानिया शामिल थे। लोकायुक्त टीम ने समय पर कार्रवाई कर भ्रष्टाचारियो को कड़ा संदेश दिया है। इसके बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

# पुलिस ने ऑटो में पकड़ी अवैध शराब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तिलक नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ऑटो रिक्शा से अवैध शराब का बड़ा जखीरा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, यह शराब रिंग रोड से बस में रखकर गुजरात भेजी जानी थी। ऑटो में सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें डिलीवरी के बदले पांच हजार रुपए मिलने थे।**

पुलिस पूछताछ में युवकों ने बताया कि वे यह शराब अग्रेशन नगर इलाके की एक दुकान से लाए थे और अहीरखेड़ी क्षेत्र से भी शराब की तस्करी करते हैं। जांच में इस रैकेट के दो अन्य साझेदारों लक्की और सत्री के नाम भी सामने आए हैं। दोनों का संबंध शराब व्यवसाय से बताया जा रहा है। वहीं एक अन्य व्यक्ति अकील का नाम भी सामने आया है, जिसका भाई मोइन नशे के एक मामले में जेल में बंद है। एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह की टीम ने बंगाली चौराहे के पास से मोहम्मद इकबाल मुल्तानी निवासी कोयला बाखल और राहुल सचदेव निवासी सरदार नगर, अहमदाबाद को पकड़ा। उनके पास से करीब तीन लाख रुपए मूल्य की शराब जब्त की गई, जिसे वे धार के रास्ते गुजरात भेजने की योजना बना रहे थे। इस बीच, पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि इंदौर में पहले भी कई जगहों पर अवैध शराब पकड़ी जा चुकी है, जैसे आजाद नगर और द्वारकापुरी, लेकिन मुख्य सरगना तक पुलिस की पहुंच नहीं हो पाई। कई पुराने मामलों में भी जांच अधूरी रह गई है।

## बड़े पिता का बेटा छेड़छाड़ करता था...

**इंदौर।** हीरानगर में एक कॉलेज छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बड़े पिता का बेटा ही उसके साथ छेड़छाड़ करता था। पुलिस के मुताबिक फर्स्ट ईयर की छात्रा ने अपने बडे.पिता के बेटे हिमांशु के खिलाफ छेड़छाड़ को लेकर एफआईआर कराई है। छात्रा के मुताबिक हिमांशु उस पर गलत नजर रखता है। कई बार उसके साथ छेड़छाड़ कर चुका है, लेकिन परिवार के चलते उसने यह बात किसी को नहीं बताई। छात्रा ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को उसकी मां कारखाने पर गई थी। पिता बाथरूम में नहा रहे थे और वह बाहर के हॉल में बैठी थी। तब हिमांशु वहां आया। बुरी तरह से उसे टच करते हुए सोफे पर गिरा दिया। उसके चुप रहते हुए अश्लील हरकत करने की कोशिश की। छात्रा के चिल्लाने पर उसके पिता बाहर आए। हिमांशु ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और भाग गया। बाद में पीड़िता थाने पहुंची और बडे.पिता के बेटे पर एफआईआर दर्ज कराई।

# ग्रामीण विकास के लिए अधोसंरचना विकास और हितग्राही मूलक योजनाओं का हो बेहतर क्रियान्वयन : मुख्य सचिव

## ◆ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाएं : श्री जैन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि विकसित प्रदेश का मुख्य आधार है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसरंचना निर्माण और विकास के साथ हितग्राहीमूलक योजनाएं संचालित हैं। जिला कलेक्टर्स एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी विकास के साथ योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे स्वच्छता एवं पर्यावरण संबंधी अभियानों में ग्रामीणों की भागीदारी को सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सुशासन और अंत्योदय को सफल बनाने के मूल मापदंड के अनुसार कार्य करें।



मुख्य सचिव श्री जैन कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन ग्रामीण विकास विभाग के सत्र को संबोधित कर रहे थे। कॉन्फ्रेंस में समृद्ध ग्राम एवं विकास खंडों के पुनर्विकास के लिए समावेशी कार्ययोजना पर विशेष ज़ोर दिया गया। साथ ही पंचायतों के राजस्व सुदृढ़ीकरण पर भी चर्चा की गई। अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी ने मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि जबलपुर, इंदौर, नीमच एवं पन्ना के 14 ग्रामों का चयन किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और प्रधानमंत्री जनधन और धरती आबा कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी दी। कलेक्टरों से कहा गया कि ग्रामीण विकास की योजनाओं में समयबद्ध प्रगति के लिए मैदानी अमले का दायित्व निर्धारण करें। ग्रामीण विकास के संदर्भ में विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर एक्शन प्वाइंट पर चर्चा की गई। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान की भी समीक्षा की गई लखपति दीदी अभियान को और सशक्त बनाने की अपेक्षा कलक्टरों से की। प्रेजेन्टेशन में बताया गया कि लखपति दीदी योजना में सिंगरौली, टीकमगढ़ और देवास में सबसे बेहतर काम पाया गया।

**जिलों ने अपने उत्कृष्ट कार्यों का किया प्रस्तुतिकरण-** कॉन्फ्रेंस में विभिन्न ज़िलों के कलेक्टर ने अपने जिलों में हुए नवाचारों और बेहतर कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया। कलेक्टर खंडवा ने आत्मनिर्भर गौ-शाला और जल संवर्धन अभियान, रायसेन ने जलगंगा संवर्धन अभियान, छिंदवाड़ा ने वाश ऑन व्हील, बड़वानी ने एफआरए पट्टा होल्डर और जिला सीधी ने बेलहा डैम पुनर्जीवन की प्रस्तुति दी।

## सिरप से 23 मौत, छिंदवाड़ा में सिविल सर्जन को हटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्यप्रदेश में जहरीले सिरप से बच्चों की मौत का आंकड़ा 23 तक पहुंच गया है। इस मामले में एक और एक्शन हुआ है। डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बुधवार को छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के सिविल सर्जन नरेश गोन्नाड़े को हटा दिया है। उनकी जगह डॉ. सुशील दुबे नए सिविल सर्जन बनाए गए हैं। नरेश गोन्नाड़े सीएमएचओ भी हैं, उनके पास सिविल सर्जन का प्रभार भी था। जिसके बाद उनसे सिविल सर्जन का चार्ज वापस ले लिया गया है। इससे पहले बुधवार को डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान ड्रग इंस्पेक्टर ने उन्हें लैब की खामियां गिनाई। स्वास्थ्य मंत्री मृतक बच्चों के परिजन से भी मिले। इससे पहले डिप्टी सीएम मंगलवार रात को नागपुर पहुंचे थे, यहां वे अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती बीमार बच्चों से मिले। इसके बाद शुक्ल छिंदवाड़ा पहुंचे। इस बीच खबर है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 11 या 12 अक्टूबर को छिंदवाड़ा आएंगे। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, वे परासिया में कफ सिरप पीने से मृत बच्चों के परिजन से मुलाकात करेंगे।

## अस्पताल की 5वीं मंजिल पर सुसाइड करने पहुंची युवती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी**। एक युवती ने अस्पताल की पांच मंजिला इमारत से कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। वह बिल्डिंग की सबसे ऊपरी मंजिल पर पहुंची और बाउंड्री वॉल पर जाकर बैठ गई। इसी बीच नीचे खड़े किसी शख्स की नजर उस पर पड़ी। उसने शोर मचाया। गार्ड्स ने तुरंत छत की तरफ दौड़ लगाई और युवती के नीचे कूदने से पहले ही उसे पकड़ लिया। मामला मंगलवार शाम को रीवा शहर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का है। युवती कौन है और उसने आत्महत्या की कोशिश क्यों की, इस बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। अस्पताल प्रबंधन ने भी इस मामले में अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसे मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने मोबाइल से बनाया है।

## आग में झुलसने से दो मासूमों की मौत

**छतरपुर, एजेंसी**। उत्तरप्रदेश के महोबा जिले के डगरिया गांव में में आग से झुलसकर दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि उनकी मां गंभीर रूप से झुलस गई हैं। हादसा 17 दिन पहले हुआ था। फिलहाल महिला का इलाज छतरपुर जिला अस्पताल में चल रहा है। यह घटना 17 दिन पहले सोमवार दोपहर करीब 1 बजे की है। महिला कंचन (23) पति रोहित विश्वकर्मा, उस समय घर में चूल्हे पर खाना बना रही थीं। इसी दौरान 4 साल की बेटी मुस्कान और डेढ़ साल का बेटा रोशन पास में खेल रहे थे। अचानक बच्चों पर तारपीन का तेल गिर गया, जिससे उनके कपड़े भीग गए। इसके बाद चूल्हे की आग ने तुरंत आग पकड़ ली, जिसमें दोनों बच्चे झुलस गए थे। आग लगते ही बच्चों की चीख सुनकर कंचन बच्चों को बचाने दौड़ीं, लेकिन इस प्रयास में वह भी झुलस गईं। शोर सुनकर पिता रोहित, जो घर के बाहर फर्नीचर का काम कर रहे थे, तुरंत दौड़कर घर पहुंचे और बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाई।

## इंदौर के डॉक्टर ने छोटे भाई को थार से कुचलवाया, 10 लाख की सुपारी दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वाह/खरगोन, एजेंसी**। खरगोन जिले में बड़वाह के बलवाड़ा में हत्या की साजिश रचने के केस में फरार डॉक्टर दीपक शर्मा ने बुधवार को बलवाड़ा थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। डॉक्टर पर छोटे भाई की हत्या की साजिश का आरोप है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि उसने अपने छोटे भाई की हत्या के लिए 10 लाख रुपए की सुपारी दी थी।

आरोपी डॉ. दीपक शर्मा इंदौर के तेजाजी नगर में प्रैक्टिस करता है। उसने पुलिस को बताया है कि वह पेरेंट्स द्वारा पुश्तैनी जमीन छोटे भाई को देने से नाराज था। उसका मकसद 19 बीघा जमीन हड़पना था, जिसकी कीमत 6 करोड़ रुपए है। जमीन के नामांतरण के बाद उसे अपने छोटे भाई संदीप शर्मा पर शक हुआ, जिसके चलते उसने हत्या की साजिश रची। इसे अंजाम देने की योजना उसने देवास के तनिष रंधावा से बातचीत के बाद बनाई थी, जो उसके पास इलाज के लिए आया था। इसके बाद 29 सितंबर को थार से संदीप को कुचलने की कोशिश की गई। डॉ. दीपक शर्मा ने पुलिस को बताया कि सुपारी के तौर पर उसने 25 हजार रुपए एडवांस पेमेंट किया था। 29 सितंबर को उसके साथियों ने एक थार गाड़ी किराए पर ली। संदीप शर्मा का पीछा किया और उसे जान से मारने का प्रयास किया। इस मामले के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थी, लेकिन शुरुआती प्रयासों में सफलता नहीं मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए खरगोन एसपी रविन्द्र वर्मा, एएसपी शकुंतला रुहल, एसडीओपी बड़वाह अर्चना रावत, थाना प्रभारी अनिल कुमार बामनिया, चौकी प्रभारी काटकुट अजय झा और साइबर सेल ने संयुक्त कार्रवाई कर सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल थार गाड़ी, एक तलवार, चाकू और सुपारी का एडवांस पेमेंट 17 हजार कैश बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चेतन पंवार, शुभम आर्य, राहुल वर्मा, आदित्य प्रधान, तनिष रंधावा और राहुल राठौड़ शामिल हैं। पुलिस अभी थार गाड़ी के मालिक विकास सिंह निवासी दतेंरा मुरैना की तलाश कर रही है। 29 सितंबर की रात जब डॉ. दीपक का भाई संदीप शर्मा काटकूट स्थित अपनी दुकान से बड़ेल गांव अपने घर लौट रहा था, तभी काले रंग की थार गाड़ी (एमपी 09 डीटी 8514) में सवार आरोपियों ने पीछा किया और गुजरातीपुरा मोड़ पर पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।



# संपादकीय

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा समझौता

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान कई अहम रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स की मौजूदगी में हुए। कैनबरा स्थित संसद भवन में राजनाथ सिंह और रिचर्ड मार्ल्स ने वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग में तेजी से हो रही प्रगति की सराहना की और वार्ता को उपयोगी, दूरदर्शी और रणनीतिक समन्वय को आगे बढ़ाने वाला बताया। बाद में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज भी बैठक में शामिल हुए। रिचर्ड मार्ल्स ने भारत के साथ हुए इस नए रक्षा समझौते को दोनों देशों की सेनाओं के बीच संचालनात्मक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक बेहद अहम कदम बताया। उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, 'आज का दिन इस मायने में महत्वपूर्ण है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जो गहरा भरोसा और रणनीतिक तालमेल बना है, वह अब हमारी सेनाओं के संचालन स्तर पर भी दिख रहा है। जो समझौता हमने अपने ऑपरेशनल कमांड्स के बीच स्टाफ टॉक्स के लिए किया है, वह बेहद अहम है... हम इसको लेकर बहुत उत्साहित हैं।' राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ मेरी बेहद उपयोगी बैठक हुई। हमने भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की, जिसमें रक्षा उद्योग, साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय चुनौतियों से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। बैठक के दौरान दोनों देशों ने अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के महत्व को एक बार फिर दोहराया। राजनाथ सिंह ने कहा, मैंने भारत के रक्षा उद्योग की तेज़ी से बढ़ती प्रगति और उच्च गुणवत्ता वाली रक्षा तकनीक के विश्वसनीय स्रोत के रुप में भारत की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। हमने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा उद्योग साझेदारी को और गहरा करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। मैंने सीमा-पार आतंकवाद और क्षेत्रीय स्थिरता पर ऑस्ट्रेलिया के दृढ़ समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।




जीसस क्राइस्ट ने कहा था कि जो देगा उसको ईश्वर और देगा... और जो बचाता ही रहेगा उसका होगा वो भी चला जाएगा....
देना हो तो दे दो...
त्रापजकर दादा गाते....
दिधु होय तो देतो जाजे
आप्यु होय तो आपतो जाजे...
(उसने दिया हो तो देते जाना).....

रामकथा -मानस गोपनाथ

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# करवा चौथ

### सिर्फ 1 घंटे 14 मिनट का मुहूर्त, जानें कब दिखेगा चांद, पूजा विधि, मंत्र

करवा चौथ के दिन को करक चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवा चौथ व्रत रखा जाता है। इस साल का करवा चौथ 10 अक्टूबर को है। चतुर्थी तिथि 9 अक्टूबर की रात से शुरू होकर 10 अक्टूबर की शाम 07:38 मिनट तक रहेगी। इस साल करवा चौथ पर शाम 05:32 मिनट से रोहिणी नक्षत्र शुरू होगा व शाम 05:41 मिनट तक सिद्धि योग बन रहा है। पूजा के दौरान करवा बहुत महत्वपूर्ण होता है। करवा या करक मिट्टी के पात्र को कहते हैं, जिससे चंद्र देव को अर्घ्य दिया जाता है। इसे ब्राह्मण या किसी योग्य महिला को दान में भी दिया जाता है।



#### करवा चौथ: सिर्फ 1 घंटे 14 मिनट का मुहूर्त

करवा चौथ पूजा मुहूर्त शाम 05:57 बजे से शाम 07:11 बजे तक
अवधि - 01 घण्टा 14 मिनट्स

#### सुबह से शाम तक पूजा के मुहूर्त

ब्रह्म मुहूर्त-
04:40 ए एम से 05:30 ए एम
अभिजित मुहूर्त-
11:45 ए एम से 12:31 पी एम
विजय मुहूर्त-
02:04 पी एम से 02:51 पी एम
गोधूलि मुहूर्त-
05:57 पी एम से 06:22 पी एम
अमृत काल-
03:22 पी एम से 04:48 पी एम

निशिता मुहूर्त-
11:43 पी एम से 12:33 ए एम, अक्टूबर 11
लाभ -
उन्नति 07:46 ए एम से 09:13 ए एम
लाभ -
उन्नति 07:46 ए एम से 09:13 ए एम
चर -
सामान्य 04:30 पी एम से 05:57 पीएम

#### कब दिखेगा चांद



करवा चौथ पर चांद निकलने का समय 08:13 पी एम बजे तक है। शहर अनुसार, चांद दिखने के समय में थोड़ा अंतर हो सकता है।

#### पूजा विधि

मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय को स्थापित करने के बाद विधि विधान से उनकी पूजा करें। इसके बाद व्रत की कथा सुनें। करवा, चलनी, थाली, लोटा सहित अन्य सामग्री से पूजन करें। चंद्र देव को अर्घ्य दें। इस दौरान चलनी से अपने पति को देख आरती उतारें, फिर उनके हाथों से जल ग्रहण कर व्रत का समापन करें।

## Uttarpradesh

# 'सत्ता में रहते PDA क्यों नहीं याद आया', लखनऊ रैली में सपा और कांग्रेस पर जमकर बरसीं मायावती

**लखनऊ, (एजेंसी)** चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती और उनकी अगुवाई वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) एक्टिव मोड में आ गई है. बसपा संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर मायावती की पार्टी आज लखनऊ में बड़ी रैली कर रही है. इस रैली को संबोधित करते हुए बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि इस स्थल पर मरम्मत का कार्य नहीं होने के कारण पिछले कुछ वर्षो से मान्यवर कांशीराम की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित नहीं कर पा रहे थे.

मायावती ने योगी सरकार का आभार जताया और कहा कि यूपी की वर्तमान सरकार सपा जैसी नहीं है. योगी सरकार ने पूरा का पूरा पैसा इस स्थल के मरम्मत के कार्य पर खर्च किया. उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में इन स्थलों की हालत जर्जर हो गई थी. मायावती ने कहा कि सपा सरकार ने एक पैसा भी इन स्थलों के रख-रखाव पर खर्च नहीं किया.




मायावती ने कहा कि हमने सरकार में रहते ऐसा सिस्टम बनाया था कि इन स्थलों को देखने आने वाले लोगों से लिया गया टिकट का पैसा इनके रख-रखाव पर खर्च किया जाएगा. सपा की सरकार में टिकट का एक भी पैसा खर्च नहीं किया. उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार आई, तब हमने मुख्यमंत्री को इसे लेकर पत्र लिखा. हमने आग्रह किया कि टिकट का पैसा जो भारी मात्रा में सरकार के पास इकट्ठा हो गया है, उससे इन स्थलों की मरम्मत कराई जाए.

## New Delhi

# इलेक्ट्रिक ट्रक बैटरी के इस्तेमाल से परिवहन क्षेत्र में आएगी क्रांति : गडकरी



**सोनीपत/नयी दिल्ली, (एजेंसी) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में ईंधन के नये उपायों के इस्तेमाल से परिवहन क्षेत्र में तेजी से बदलाव आ रहा है और अब इलेक्ट्रिक बैटरी से चलने वाले ट्रकों के संचालन से इस क्षेत्र में जबरदस्त क्रांति आएगी और माल ढुलाई का काम सस्ता, प्रदूषणरहित और ज्यादा आसान हो जाएगा।**

श्री गडकरी ने बुधवार को हरियाणा में सोनीपत के गांव पांची गुजरान में देश के पहले वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक ट्रक बैटरी स्वैपिंग और चार्जिंग स्टेशन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रकों के लिए इलेक्ट्रिक बैटरी के निर्माण से परिवहन की दर बहुत कम हो जाएगी। जिस दर पर बड़े ट्रक डीजल ईंधन से चलते हैं उसके मुकाबले बहुत कम दाम पर अब इलेक्ट्रिक ट्रक अपने गंतव्य तक पहुंच पाएंगे और इससे लॉजिस्टिक खर्च बहुत कम हो जाएगा। इससे ट्रांसपोर्टर का बहुत पैसा बचेगा और इसका सीधा फायदा उपभोक्ता को होगा।

## Rajasthan

# सांड़ से टकरा 38 डिब्बे पटरी से उतर गए

**सीकर, (एजेंसी)** राजस्थान के सीकर में बड़ा हादसा सामने आया है। यहां एक सांड़ से टकराने के बाद ट्रेन के 38 डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि, गनीमत रही कि इतने बड़े के बावजूद किसी की जान नहीं गई है। घटना मंगलवार रात को घटी है। हादसे के बाद ट्रैक बुरी तरह प्रभावित हुआ है, इसपर से मलबा हटाकर उसे दोबारा चालू करने का प्रयास किया जा रहा है। इस हादसे को लेकर जानकारी देते हुए रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि हादसा एक बैल के रास्ते पर आ जाने के कारण हुआ है। रेल अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है, लेकिन इस हादसे की वजह से रेलवे के दो ट्रैक बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि जिस ट्रेन का एक्सीडेंट हुआ, उसमें से 16 डिब्बे खाली थे और 22 डिब्बों में चावल भरे हुए थे।



## Chhattisgarh

### बाहर आया छात्र के लैपटॉप का सच

# 36 छात्राओं के 1000 अश्लील फोटो और वीडियो

**रायपुर, (एजेंसी) ट्रिपल आईटी रायपुर में थर्ड ईयर के छात्र पर 36 छात्राओं की अश्लील फोटो बनाने का मामला सामने आया है। छात्र ने अपने ही कैंपस की 36 छात्राओं के अश्लील फोटो एआई की मदद से बनाया है। छात्र के लैपटॉप में छात्राओं के फोटो मिलने के बाद पूरे कैंपस में हड़कंप मच गया है। संस्थान ने तलाशी के बाद आरोपी छात्र का लैपटॉप और उसके अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट्स को जब्त कर लिया है।**

दरअसल, छत्तीसगढ़ के नया रायपुर स्थित ट्रिपल आईटी संस्थान में इलेट्रानिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के एक छात्र के लैपटॉप से छात्राओं के 1000 से अधिक फोटो और वीडियो मिले हैं। छात्र के लौपटॉप में कैंपस की लड़कियों के फोटो और वीडियो मिलने की जानकारी मिलने के बाद प्रबंधन ने छात्र के खिलाफ शिकायत करते हुए उसे निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार छात्र बिलासपुर का रहने वाला है। कुछ छात्राओं ने छात्र की प्रबंधन से शिकायत की थी। शिकायत के बाद छात्र के कमरे की तलाशी ली गई थी। इस दौरान उसके लैपटॉप और फोन में कैंपस में पढ़ने वाली 36 छात्राओं के 1000 से अधिक अश्लील फोटो और वीडियो मिले हैं। आरोपी इंजीनियरिंग छात्र के लैपटॉप से बरामद हुए छात्राओं के अश्लील फोटो केस की जांच ट्रिपल आईटी की महिला स्टाफ कर रही है। प्रबंधन ने आरोपी छात्र को निलंबित करने के बाद जांच के लिए एक जांच कमेटी गठित कर दी है, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी थी। इस मामले में बुधवार को जब सीएम विष्णुदेव साय से सवाल किया गया तो सीएम साय ने कहा कि मामले की जांच हो रही है। अगर छात्र ने गलती की है तो उसे सजा तो भुगतनी ही पड़ेगी।

## खेल

# भारतीय अंडर-19 टीम ने रचा इतिहास, सबसे छोटे यूथ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हराया

**मकाय, (एजेंसी)** भारतीय अंडर-19 टीम ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे यूथ टेस्ट में सात विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ भारत ने दो यूथ टेस्ट मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। मकाय में खेला गया यह मुकाबला अब तक का सबसे छोटा यूथ टेस्ट है, जो सिर्फ 886 गेंदों (147.4 ओवर) में खत्म हो गया। इससे पहले सबसे छोटे यूथ टेस्ट का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज अंडर-19 टीम के नाम दर्ज था, जिसने 1995 में फैसलाबाद में पाकिस्तान की अंडर-19 टीम को 992 गेंदों (165.2 ओवर) में पांच विकेट से हराया था। उस मैच में पाकिस्तान टीम की कप्तानी शाहिद अफरीदी ने की थी।




**शुरुआती पारियों में दोनों टीमों की बल्लेबाजी फीकी रही-**ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी, लेकिन शुरुआती 10 ओवरों में ही आधी टीम पवेलियन लौट गई। विकेटकीपर एलेक्स ली यंग (66 रन) ने संघर्ष किया, लेकिन पूरी टीम 43.3 ओवर में 135 रन पर ढेर हो गई। भारत की ओर से हेनिल और खिलन पटेल ने तीन-तीन विकेट लिए। भारत की पहली पारी में कप्तान आयुष म्हात्रे और युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी बड़ी पारी नहीं खेल सके। कोई भी भारतीय बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका, लेकिन पांच बल्लेबाजों ने 20 से अधिक रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के केसी बार्टन (4/57) ने अच्छी गेंदबाजी की, मगर 23 एक्स्ट्रा रन के सहारे भारत ने 36 रन की बढ़त हासिल की।

**भारत ने 12.2 ओवर में हासिल किया लक्ष्य-** दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत और भी खराब रही। दो बल्लेबाज बिना खाता खोले आउट हुए और स्कोर 29/5 तक पहुंच गया। यंग ने फिर संभालने की कोशिश की, लेकिन 38 रन ही बना सके। टीम 116 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से हेनिल ने फिर तीन विकेट लिए और नमन पुष्पक ने शानदार 3/19 झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव सूर्यवंशी (0) पहली ही गेंद पर आउट हो गए, जबकि कप्तान आयुष म्हात्रे (13 रन) ने तीन चौके लगाए। इसके बाद विहान मल्होत्रा (21 रन, 21 गेंद), वेदांत त्रिवेदी (33 रन, 35 गेंद) और राहुल कुमार (13 रन, 14 गेंद) ने मिलकर लक्ष्य हासिल किया। भारत ने सिर्फ 12.2 ओवर में जीत दर्ज करते हुए सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली।

## सिनेमा

# क्रिकेटर दीपक चाहर की बहन ने घरवालों को किया एक्सपोज, चिढ़ीं तान्या, बिग बॉस में आएगा भूचाल?

बिग बॉस 19 में मालती चाहर की वाइल्ड कार्ड एंट्री होने के बाद घरवालों के बीच के रिश्ते बदलने लगे हैं. तान्या और नीलम अपने ग्रुप से दूर होती नजर आ रही हैं. वहीं, मालती हर एक घरवाले को टारगेट कर रही हैं. अब बिग बॉस ने मालती और तान्या मित्तल को घरवालों को एक्सपोज करने की जिम्मेदारी दी है. मगर इस चीज से कई घरवालों को मिर्ची लगने वाली है. बिग बॉस ने तान्या और मालती को टास्क दिया है कि वो सभी घरवालों से एक-एक करके बात करें और उन्हें रियलिटी चेक दें. तान्या ने यूपी के छोरे मृदुल तिवारी से कहा कि उन्होंने बाकी लोगों जैसा बनने के लिए खुद को खो दिया है. वहीं, तान्या, गौरव खन्ना से बोलीं कि खुद को परफेक्ट दिखाने के चक्कर में उन्होंने ऐसा कर दिया कि कोई भी उनसे रिलेट नहीं कर पा रहा है. इसके जवाब में गौरव खन्ना ने कहा- अपनी कुर्सी की पेटी बांध लीजिए, क्योंकि मौसम बिगड़ने वाला है. क्रिकेटर दीपक चाहर की बहन मालती चहर ने भी कई घरवालों को एक्सपोज किया. मालती ने अभिषेक से कहा कि अगर कोई उनसे नहीं भिड़ता तो वो जाकर लोगों से भिड़ पड़ते हैं. अशनूर को भी मालती ने जिद्दी और सेल्फिश कहा. वहीं, मालती ने शो में आते ही घरवालों के बीच फूट डालनी शुरू कर दी है. मालती की वजह से अमाल और तान्या की दोस्ती में भी दरार आ गई है. अमाल और मालती की बढ़ती नजदीकियों से तान्या काफी खराब फील कर रही हैं. वो कई दफा शो में खुल्लम खुला ये बात बोल चुकी हैं. मालती ने अब फरहाना और नेहल के साथ अपना अलग ग्रुप बना लिया है. वो निडर होकर घरवालों को कॉल आउट कर रही हैं. शो के एक नए प्रोमो वीडियो में मालती कहती दिखीं कि वो घर में 2 ग्रुप्स देखते-देखते 2 महीने तक बोर हो जाएंगी.




## Highlights

1. **What are the features of India's 1st fully digital airport in Navi Mumbai?**
2. **World to be dependent on India as we become self-reliant: Scindia**
3. **Trade deal with India not just piece of paper, it's launchpad for growth: UK PM**
4. **Chirag shares cryptic post amid NDA's seat-sharing tussle in Bihar**
5. **What will likely be discussed during UK PM's meeting with PM Modi?**

# Ratan Tata death anniversary: India fondly remembers the legendary industrialist and his legacy

**NEW DEIHI, (Agency).** Ratan Tata Death Anniversary: October 9, 2025, marks the first death anniversary of Ratan Tata, a veteran industrialist, philanthropist, and visionary. On this day, people have shared their tributes on social media, remembering the legendary personality and his legacy.




### What did social media say?

An individual commented, "Remembering the visionary leader, a true patriot and the guiding light of Indian industry Ratan Tata sir on his death anniversary!!!" Another joined, "Honouring the legacy of Padma Vibhushan Ratan Tata. The legend. The man of inspiration. The business hero, who redefined Indian industry and inspired generations." He received India's highest civilian honour in 2008.

A third posted, "Remembering the visionary leader, Ratan Tata, on his memorial day. His contributions to the nation's progress and his unwavering commitment to ethical business practices continue to inspire us all." A fourth wrote, "A true leader leaves footprints of inspiration. Remembering the legendary Ratan Tata. A visionary who built not just businesses, but a better nation. The pride of India. A tribute to the man whose vision and values will guide generations. Sir #RatanTata stays forever in our hearts."

### What did the Tata Group tweet?

A smiling picture of Ratan Tata was posted on the company's official X profile with the caption, "A life that shaped generations. Today, we remember our Chairman Emeritus Ratan N Tata with deep respect."

Born on December 28, 1937, to Naval Tata and Sonoo Commissariat, Ratan Tata wasraisedbyhisgrandmother, Lady Navajbai Tata. He was known not only for his business endeavours but also for his philanthropic acts.

### What are people searching on Google?

People have been Googling the legend, searching for how and when he died and about the Tata Group. According to Google Trends, the majority of the queries are coming from Jharkhand, followed by Maharashtra, Goa, Gujarat, and Telangana.

Ratan Tata died late on October 9 at Mumbai's Breach Candy Hospital. He was 86.

# LG Electronics India IPO: GMP stays healthy after over 3X subscription on Day 2

**NEW DEIHI, (Agency).** The initial public offering of LG Electronics India Ltd. was subscribed more than three times on the second day of bidding, with grey market premium indicating healthy demand in the unregulated market.

Investors bid for 23.74 crore shares against 7.13 crore shares on offer in the LG India IPO—that




translates into a subscription of 3.3 times, according to data on the website of the National Stock Exchange of India on Wednesday. The IPO has so far raised ₹27,062.98 crore from 34,11,127 applications.

LG Electronics IPO: Subscription Status

QIB portion: 2.59 times (5.26 crore shares vs 2.03 crore shares)

NII portion: 7.60 times (11.58 crore shares vs 1.52 crore shares)

Retail portion: 1.91 times (6.79 crore shares vs 3.55 crore shares)

Employees: 4.12 times (8.68 lakh shares vs 2.10 lakh shares)

The LG Electronics IPO was fully subscribed on the first day itself. On Monday, the company raised ₹3,474.90 crore from anchor investors.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

### "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

### - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक